आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 14.01.2025 समय: 2.10 PM

पीएम-मौसम विभाग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मिशन मौसम का शुभारंभ किया। यह देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के एक सौ 50वें स्थापना दिवस पर इसका उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि देश की जलवायु को स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार करने के लिए इस मिशन की शुरूआत की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मौसम विभाग के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने भारतीय मौसम विभाग विज़न-2047 दस्तावेज़ भी जारी किया

सुरक्षित पर्यटन योजना

मकर संक्रांति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू और उत्तरायण की शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये त्यौहार सभी के जीवन में सफलता और खुशियाँ लाएँगे।

प्रयागराज के महाकुंभ में मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान आज दोपहर 12 बजे तक एक करोड़ 60 लाख से ज़्यादा लोगों ने त्रिवेणी

संगम पर पवित्र डुबकी लगाई है। अमरकंटक में लगभग 50 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान किया । चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में श्रद्धालु स्नान कर कामदगिरि पर्वत का परिक्रमा लगा रहे हैं। विदिशा में बेतवा नदी के विभिन्न घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जहां स्नान दान कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया । ओमकारेश्वर में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में डुबकी लगाकर भगवान ओमकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन कर गुड़ और तिल का दान किया ।

सशस्त्र बल वेटेरन्स डे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज टांडा में 9वें सशस्त्र बल वेटेरन्स डे समारोह में कहा कि हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि हमें कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में जो भी थोड़ी-बहुत दिलों की दूरियां रही होंगी उन्हें मिटा देना है।

सशस्त्र बल वेटेरन्स डे 2016 से हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है । इसी दिन देश के पहले मार्शल चीफ 1953 में रिटायर हुए थे।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत पूरा प्रदेश सर्द हवाओं की वजह से ठिठुर रहा है। आज मकर संक्रांति पर प्रदेश में कोहरे का असर दिखा । भोपाल, ग्वालियर समेत 20 से ज्यादा जिलों में कोहरा छाया रहा । वहीं, अब पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कल भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन संभाग में बारिश हो सकती है। सिस्टम के गुजरने के बाद 17 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा। प्रदेश में दिन के तापमान में कहीं 2 तो कहीं 5 डिग्री तक की गिरावट हुई। वहीं, रात के तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है इसलिए ठंड का ज्यादा असर देखने को मिलता है ।

समाचार संक्षेप में...

1. इंदौर में राज्य आनंद संस्थान के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा आज से 28 जनवरी तक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव मनाया जायेगा।

2. भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में जिला अध्यक्षों की घोषणा करना शुरू कर दी है। अब तक 20 जिलों के जिला अध्यक्ष घोषित किए गए हैं ।

3. शिवपुरी जिले में ग्राम पंचायत रायश्री की गौशाला में 06 गायों की मृत्यु होने से संचालन समिति के अध्यक्ष के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।